आफरी में आधार समर्थित बायोमेट्रीक उपस्थिति प्रणाली का शुभ्भारभ

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) जोधपुर में आधार समर्थित बायोमेट्रीक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) का उद्घाटन दिनांक 20, जुलाई 2017 को किया गया। शुष्क वन अनुसंधान संस्थान के इस प्रणाली का उद्घाटन आफरी निदेशक एन. के. वासु, भा.वा.से., की उपस्थिति में कार्यकारी निदेशक डॉ. आई. डी. आर्या ने किया। दिनांक 20 7 2017 से आफरी में आधार समर्थित बायोमेट्रीक उपस्थिति प्रणाली को लागू कर दिया गया । संस्थान के कुल 153 स्थायी एवं अस्थायी कार्मिकों का पंजीकरण इस प्रणाली के अंतर्गत कर दिया गया है और सभी कार्मिक इस प्रणाली पर अपनी उपस्थिति दिनांक 20 07 2017 से दर्ज करवा रहें हैं |

इस अवसर पर आफरी निदेशक एन. के. वासु ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से देश हित मे एवं पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होनें शोध कार्यो के लिए समय सीमा से परे कार्य करने की महत्ता बताई। कार्यकारी निदेशक डॉ. आर्या ने बताया कि इस प्रणाली से न सिर्फ कार्यक्षमता बल्कि उपस्थिति से संबधित पारदर्शिता भी बढेगीं।

नोडल अधिकारी श्री ए.के. सिन्हा ने इस अवसर पर एक व्याख्यान द्वारा सभी कार्मिकों को इस कार्यप्रणाली को समझाया। बायोमेट्रिक प्रणाली को सुचारु रूप से लागू करने में सूचना तकनीकी प्रकोष्ठ के कुसुम परिहार, प्रतापराम पटेल, राजेश मीणा, ज्योतिप्रकाश चौबे, आदि ने सहयोग किया।

इस बायोमेट्रिक प्रणाली में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पंजीकरण, आधार सख्यां से किया गया है। आफरी को उपस्थिति पोर्टल पर http://afri.ju.attendance.gov.in डोमेन दिया गया है। बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत संस्थान में तीन बायोमेट्रिक उपकरण लगाए गए हैं। इन उपकरणों का उपयोग उपयोगकर्ता फिंगरप्रिंट स्कैन करने के लिए किया जाता हैं। इन फिंगरप्रिंट का मिलान आधार में पंजीकृत बायोमेट्रिक डेटा से किया जाता हैं । फिंगेरप्रिंट का मिलान सही होने पर पोर्टल http://afriju.attendance.gov.in पर कार्मिकों की उपस्थिति दर्ज हो जाती हैं ।

पोर्टल http://afriju.attendance.gov.in पर जाकर नोडल अधिकारी एवं सभी प्रभागाध्यक्ष सभी प्रभागों के कार्मिकों की दैनिक एवं मासिक उपस्थिति रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं ।

कार्यकारी निदेशक डॉ आई. डी. आर्य बायोमेट्रिक प्रणाली का शुभारंभ करते हुए



कार्मिक बायोमेट्रिक उपकरण पर अपनी उपस्थिती दर्ज कराते हुए

श्री ए.के.सिन्हा, नोडल अधिकारी सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए



श्री ए.के.सिन्हा, नोडल अधिकारी कार्मिकों को व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए

संस्थान के कार्मिक एईबीएएस प्रणाली को समझते हुए

सभी प्रभागाध्यक्षों से एईबीएएस प्रणाली की चर्चा